Dainik Bhaskar (Indore), 08th November 2024, Page- 06

# साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर लॉ में संयुक्त कोर्स कराएंगे आईआईटी इंदौर व एनएलआईयू

## जनवरी में मिलेगी पीजी की पहली बैच, हाइब्रिड मोड पर लगेंगी क्लासेस

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) इंदौर व भोपाल की नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी (एनएलआईयू) अब साइबर सुरक्षा और साइबर कानून विषय में संयुक्त मास्टर डिग्री प्रोग्राम ऑफर करेंगे। "मास्टर इन साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर लॉ' नाम के इस दो-वर्षीय डिग्री प्रोग्राम की पहली बैच जनवरी में मिल जाएगी।

संस्थानों के अनुसार इन विशेष कोर्स को शुरू करने का उद्देश्य यह है कि कार्यरत पेशेवरों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान हो सके। खासकर वे जो तकनीकी और कानूनी क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को बढ़ाना चाहते हैं। इसकी पहली बैच जनवरी-2025 से शुरू होगी। इसमें 100 सीटें रहेंगी। इसकी फीस लगभग 12 लाख रुपए होगी। इसमें बीटेक, एमटेक, एमई एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम, एमबीए, एमसीए आदि क्वालिफिकेशन रखने वाले उम्मीदवार प्रवेश ले सकेंगे। उम्मीदवार को एंट्रेंस एग्जाम (लिखित परीक्षा) और पर्सनल इंटरव्यू देना होगा। इसके आधार पर बनी मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। एडमिशन के लिए डिटेल नोटिफिकेशन जल्द ही जारी किया जाएगा।



आईआईटी इंदौर और एनएलआईयू के बीच एमओयू हुआ।

### एमओयू भी हुआ, अब आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

इस कोर्स में देशभर के छात्र शामिल हो सकेंगे। दोनों संस्थानों के बीच कोर्स से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को आईआईटी इंदौर व एनएलयू के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी हो गया है। एनएलआईयू की ओर से कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. सूर्य प्रकाश और आईआईटी इंदौर की ओर से डायरेक्टर प्रो. सुहास जोशी ने इस पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान एनएलआईयू के डीन अंडर ग्रेजुएट प्रो. अतुल कुमार पाण्डेय, डिप्टी रजिस्ट्रार रोहित शर्मा, आईआईटी के डीन आउटरीच प्रोफेसर देवेंद्र देशमुख सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ऐसे चलेगा कोर्स : ट्राइमेस्टर सिस्टम से रहेगा

यह कोर्स तिमाही आधार (ट्राइमेस्टर) पर संचालित किया जाएगा। यानी वर्ष में तीन बार परीक्षाएं होंगी। हाइब्रिड मोड में संचालित होगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की कक्षाएं लगेंगी। छात्र आईआईटी इंदौर व एनएलयू भोपाल दोनों केंद्रों पर ऑफलाइन कक्षाओं में भाग ले सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ सकेंगे। दो साल में 30 दिन ऑफलाइन कैंपस में आकर क्लास जॉइन करना होगी। 15 दिन एनएलआईयू कैंपस में ऑफलाइन क्लास लगेगी तो 15 दिन आईआईटी इंदौर में क्लास लगेगी। एनएलयू के प्रो. सूर्य प्रकाश का कहना है कि इस संयुक्त डिग्री प्रोग्राम का मुख्य फोकस व्यावहारिक और सैद्धांतिक शिक्षा पर होगा। छात्रों को साइबर हमलों के तकनीकी और कानूनी समाधान में दक्षता प्राप्त होगी।